# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 4 मार्च, 2016/14 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 23**

----

### मल-प्रवाह/पेयजल योजनाएं

***2737 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कितनी मल निकासी एवं पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं;

(ख) इस वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं के निर्माण के लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया तथा प्रत्येक योजना को कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(ग) इस अवधि में देहरा, (जिला कांगड़ा) मल निकासी योजना हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

### मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना

***2738 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना के माध्यम से पच्छाद व राजगढ़ विकास खण्डों में कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गयी;

(ख) इस अवधि में कौन-कौन से कार्य किए गए; ब्यौरा कार्यवार दें; और

(ग) यह कार्य किसके माध्यम से करवाए गए; यदि ठेके पर दिये गये तो प्रत्येक कार्य का ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें ?

----

## मल-प्रवाह योजना गगरेट

***2739 श्री राकेश कालिया (गगरेट)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गगरेट हेतु प्रस्तावित मल-प्रवाह योजना पर कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है?

----

## नागरिक अस्पताल रोहडू

***2740 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागरिक अस्पताल रोहडू हेतु अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा तथा इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया ; और

(ख) वर्तमान में इस अस्पताल हेतु कितने चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2741 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि निम्न पेयजल व सिंचाई योजनाएं तैयार होने के बावजूद बिजली का कनैक्शन न होने के कारण कार्य नहीं कर पा रही हैंः-

(i) उठाऊ पेयजल योजना भगतपुर-पियुंगली;

(ii) उठाऊ पेयजल योजना बरड़-मनन;

(iii) उठाऊ पेयजल योजना झण्डुता-बैहरन;

(iv) उठाऊ सिंचाई योजना सुनहाणी; और

(ख) यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा वांछित धनराशि बिजली विभाग को दे दी गई है; ब्यौरा स्कीमवार दें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***2742 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगस्याड़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वागाचनोगी, खोला नाल तथा कल्हनी में कोई भी चिकित्सक कार्यरत नहीं है; यदि हां, तो कब-कब से; ब्यौरा दें?

----

## मल निकासी

***2743 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31-01-2016 तक शिमला नगर निगम क्षेत्र में कितने घर सीवरेज सुविधा से जुड़े हैं;

(ख) जो भवन सीवरेज लाईन से नहीं जुड़े हैं उनकी मल निकासी का क्या प्रबन्ध है; और

(ग) यह सत्य है कि जिन घरों की लाईनें सीवरेज की मुख्य लाईन से नहीं जुड़ी हैं उनका मल खुले में शिमला के चारों ओर जाता है; यदि हां, तो ब्यौरा दें ?

----

## Allocation of Land

***2744 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that people of Ghue and Losar (Chichong) villages suffered heavy losses due to flash floods and lost their land and houses;

(b) how much land has been washed away; details with name be given; and

(c) by when they will be allotted land at village Hurling and Losar?

----

## अवैध कब्जा

***2745 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू स्थित आयुर्वेद अस्पताल के साथ एक होटल मालिक ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर पार्किंग निर्माण कर रखा है;

(ख) यह भी सत्य है कि इसी पार्किंग की ओर से रोलर गेट लगाकर रोगी वाहन इत्यादि भीतर ले जाने हेतु प्रावधान किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो कौन से कारण हैं कि अब इस गेट से होकर रोगी वाहन भीतर नहीं जा पा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## गलत बन्दोवस्त

***2746 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में ऐसे कितने गांव हैं जिनका बन्दोवस्त गलत होने के कारण रद्द किया गया;

(ख) किन-किन गांवों में बन्दोवस्त पुनः शुरू किया गया और इस बारे क्या प्रणाली अपनाई गई; ब्यौरा दें;

(ग) शेष गांवों का बन्दोवस्त कब तक शुरू किया जाएगा;

(घ) कौन-कौन अधिकारी/कर्मचारी इस प्रक्रिया के रद्द होने के लिये दोषी पाए गए और उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ङ.) सरकार क्या भविष्य में बन्दोवस्त प्रक्रिया रद्द न हो इसके लिए ठोस नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## चिकित्सक रहित औषधालय

***2747 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी आयुर्वैदिक डिस्पैंसरियां व अस्पताल निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा संस्थान के नाम सहित दें; और

(ख) कितने संस्थान ऐसे हैं जो बिना चिकित्सक के चल रहे हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## भूमि का चयन

***2748 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न्यू शिमला के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा ?

----

## आवास निर्माण हेतु धनराशि

***2749 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.01.2013 से 31.01.2016 तक प्रदेश में कितने व्यक्तियों ने आवास निर्माण हेतु प्रार्थना-पत्र दिए तथा उनमें से कितने व्यक्तियों को धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा श्रेणीवार (अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा व सामान्य वर्ग) दें;

(ख) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र जसवां-प्रागपुर का ब्यौरा अलग से दें; और

(ग) इनमें से कितने आवेदन अभी तक लम्बित हैं और इन्हें कब तक निपटा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि में कटौती

***2750 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिनांक 31-1-2016 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल नालागढ़ के अन्तर्गत सभी स्कीमों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) यह सत्य है कि विभाग द्वारा नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत स्कीमों के लिए राशि में कटौती की गई है; यदि हां, तो कितनी; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## सिंचाई/पेयजल योजनाएं

***2751 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला चम्बा के अन्तर्गत कितनी सिंचाई व पेयजल योजनाओं को स्वीकृत किया गया; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ख) इन योजनाओं का कार्य क्या शुरू हो चुका है और कितने कार्यों को पूर्ण किया गया है; ब्यौरा कार्यवार दें ?

----

## भवन निर्माण

***2752 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी आंगनबाड़ियां हैं; कितनी आंगनबाड़ियां अपने भवन और कितनी निजी भवनों में चल रही हैं; ब्यौरा आंगनबाड़ी केन्द्रवार दें;

(ख) सरकार जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के अपने भवन नहीं है इन्हें भवन बनाने हेतु कब तक धनराशि स्वीकृत करने का विचार रखती है; और

(ग) वर्तमान में आंगनबाड़ी खोलने के क्या मापदण्ड हैं; आंगनबाड़ी केन्द्र थौना किन मापदण्डों के अन्तर्गत खोली गई; ब्यौरा दें?

----

## Irrigation/Water Supply Schemes

***2753 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years in Nalagarh Assembly Constituency how many schemes of Irrigation & Public Health Department under SCCP appeared in the budget; details be given; and

(b) out of these in how many schemes the administrative approval and expenditure sanction stand accorded by the competent authority; details be given?

----

## आंगनबाड़ी में नियुक्ति

*2754 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हैल्पर की नियुक्ति प्रक्रिया हेतु क्या मापदण्ड रखे गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## Supply of Flowers

*2755 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is ample production of flowers due to growth in flowericulture in Lahaul valley which is to be transported to Chandigarh & Delhi; and

(b) if yes, whether the Government will make provision for proper transportation of flowers in refrigerated trucks or provide subsidy on transportation?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाओं

*2756 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) निरमण्ड विकास खण्ड के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाओं के भवन का शिलान्यास कब हुआ;

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी थी; और

(ग) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि सहित दें?

----

## भू-जल स्तर में गिरावट

*2757 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है; यदि हां, तो कारण;

(ख) सरकार ने क्या विभाग के विभिन्न वृत्तों (Circles) में इस बारे सर्वेक्षण करवाया है; यदि हां, तो ब्यौरा वृत्तवार (Circle-wise) दें; और

(ग) सरकार ने भू-जल के गिरते स्तर को रोकने हेतु क्या-क्या कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना चण्डी

***2758 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत चण्डी क्षेत्र की पेयजल योजना का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस योजना पर दिनांक 31.01.2016 तक कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## बागवानों हेतु योजनाएं

***2759 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में बागवानों की सुविधा हेतु कौन-कौन सी योजनाएं हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार द्वारा जिला चम्बा के चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत फल व बागवानी को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** — **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 17 फरवरी, 2016 .** — **सचिव।**